Daily Current Affairs 13 April 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे।

1. 11 अप्रैल को मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस
• प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य में मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए गर्भवती माताओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम करना है।

2. भारत और अमेरिका के बीच 2+2 मंत्रीस्तरीय वार्ता आयोजित की गई
• 11 अप्रैल 2022 को भारत और अमेरिका ने वाशिंगटन में चौथी 2+2 वार्ता (2+2 Dialogue) का आयोजन किया है। इस वार्षिक बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भाग लिया है। यह वार्ता अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ हुई है।

3. टैंक रोधी मार्गदर्शित मिसाइल हेलिना का किया गया सफल परीक्षण
• 11 अप्रैल 2022 को भारत द्वारा पोकरण में एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (Anti Tank Guided Missile) हेलिना का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। इसके एक दिन बाद 12 अप्रैल को इसका एक बार फिर सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया गया। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के अनुसार यह विश्व के सबसे उन्नत एंटी टैंक हथियारों में से एक है।

4. पहला खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट जमशेदपुर में शुरू हुआ
• 12-13 अप्रैल 2022 को झारखंड के जमशेदपुर मैं पहला खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टाटा तीरंदाजी अकादमी मैं टूर्नामेंट का पहला चरण है।
• भारतीय खेल प्राधिकरण ने 6 सालों में खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग महिला तीरदांजी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए कुल 75 लाख रुपयें की राशि की स्वीकृति दी थी।

5. पहले लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित होंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
• मंत्री नरेंद्र मोदी को पहले बता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार (Lata Deenanath Mangeshkar Award) से सम्मानित किए जाएंगे। इस पुरस्कार को मशहूर गायिका लता मंगेशकर की याद में शुरू किया गया है।
• पुरस्कार प्रधानमंत्री को 24 अप्रैल 2022 को लता मंगेशकर के पिता मास्टर दीनानाथ मंगेशकर की 80वीं पुण्यतिथि के मौके पर प्रदान किया जाएगा।

6. बाबर आजम ने जीता आईसीसी(ICC) प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड
• इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मार्च 2022 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड (ICC Players Of The Month For March 2022) जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम का ऐलान कर दिया है।

Daily Current Affairs 13 April 2022

• पुरुष श्रेणी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने यह अवार्ड जीता है, जबकि महिला श्रेणी में आस्ट्रेलिया की राचेल हेन्स को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड मिला है। आपको बता दिया कि बाबर आजम दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया है।

7. क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग सब्जेक्ट 2022 की गई जारी
• अप्रैल 2022 में क्वाक्वेरेली साइमंड्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग सब्जेक्ट 2022 (QS World University Rankings By Subject) जारी की गई है। विषय के आधार पर QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का यह बारवा संस्करण है।
• इस रैंकिंग में कुल 51 विषयों को शामिल किया गया है।

8. पूर्व कैग विनोद राय ने लेकिन नॉट जस्ट ए नाइटवॉचमैन माई इनिंग्स विद बीसीसीआई किताब
•वर्ष 2017 में पूर्व नियंत्रक और महालेखा परीक्षक और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति के प्रमुख विनोद राय ने नॉट जस्ट ए नाइट वॉचमैन माई इनिंग्स विद बीसीसीआई (Not Just A Nightwatchmen My Innings With BCCI) नामक एक पुस्तक लिखी है जिसमें पूर्व अधिकारी ने बीसीसीआई में अपने 33 महीने के कार्यकाल को पूरा किया है। किताब में राय ने कुछ बड़े खुलासे किए हैं।

9. उमिया माता मंदिर के 14वें स्थापना दिवस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया
•रामनवमी के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के जूनागढ़ शहर के गठीला में स्थित उमिया माता मंदिर में 14वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया है।

10. श्रीलंका ने किया खुद को डिफॉल्टर घोषित, नहीं कर पाएगा कई देशों के कर्ज का भुगतान
• 12 अप्रैल 2022 को आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के विदेशी कर्ज चुकाने में असमर्थता जताई है। यानी श्रीलंका ने अपने आप को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है। श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी है।
• चीन समेत कई देशों के कर्ज के जाल में फंसे द्विपीय श्रीलंका ने एक बड़ी घोषणा करते हुए घोषणा की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से फंड को लेकर कोई निष्कर्ष निकलने से पहले 51 अरब डॉलर के विदेशी कर्ज को चुकाने में असमर्थ है।

उम्मीद है दोस्तों आज का करंट अफेयर आपको पसंद आया होगा इसकी आप पीडीएफ फ्री डाउनलोड कर सकते हो आपको हर रोज ऐसे ही करंट अफेयर आप तक पहुंचाते रहेंगे तो हमेशा हमारे साथ जुड़े रहे आप आपका धन्यवाद।